# पुलिस सख्ती से सुधर रहा चौराहे का ट्रैफिक

## बोर्ड ऑफिस चौराहे पर लाइन से खड़े हो रहे ऑटो, ई-रिक्शा वाहन

**नवभारत रिपोर्टर**

**भोपाल, 28 मार्च. ट्रैफिक पुलिस के सख्त रवैये से बोर्ड ऑफिस चौराहे पर बिगड़ी यातायात व्यवस्था में सुधार दिख रहा है. प्रगति चौराहे की तरफ जाने वाले बोर्ड ऑफिस चौराहे के इस प्वाइंट पर सवारी ऑटो और ई रिक्शा चालकों पर की गई सख्ती से वाहन अब सड़क पर गाइडलाइन के अनुसार खड़े किए जा रहे हैं. इससे सड़क पर होने वाले जाम की समस्या से भी राहगीरों को निजात मिल रही है.**

ट्रैफिक पुलिस के उच्च अधिकारियों की सख्त निगरानी से शहरभर के चौराहों पर ऑटो और ई रिक्शा चालकों को यातायात नियम का पालन कराया जा रहा है, जिससे आवागमन करने वाले राहगीरों को सुविधा का लाभ संभव हो पा रहा है.



बोर्ड ऑफिस चौराहे के इस प्वाइंट पर इससे पूर्व जहां टर्निंग प्वाइंट और चौड़ी सड़क के आधे से ज्यादा हिस्से पर ही ई रिक्शा और आटो चालकों का कब्जा बना होता था, वहां इन दिनों चालक अपने वाहनों को गाइडलाइन के अनुरूप ही खड़ा कर रहे हैं. इस प्वाइंट पर खड़ी होने वाली लाल बसें भी निश्चित स्थान पर खड़ी हो रही हैं. इससे जाम की समस्या से भी अन्य राहगीरों को निजात मिल रही है.

ट्रैफिक पुलिस के यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने से बोर्ड ऑफिस चौराहे पर इससे पहले जहां 10 से 15 सवारी आटो हमेशा खड़े होते थे, वहां पर अब बहुत कम ही सवारी ऑटो दिख रहे हैं, जबकि ई रिक्शा चालकों की संख्या लगभग वही दिखती है. विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर चौराहे के टर्निंग प्वाइंट पर शाम के समय ट्रैफिक पुलिसकर्मियों के खड़े होने से यह स्थान अब पूरा खाली रहता है. इससे भारी और हल्के वाहन चालकों को टर्न पर परेशानी का सामना करना पड़ रहा था. अब रास्ता क्लियर होने से यहां जाम की समस्या भी नहीं हो रही है. इसके साथ ही शहर के अन्य चौराहों पर ट्रैफिक सिग्नल और सीसीटीवी कैमरों को व्यवस्थित किया जा रहा है, जिससे तेज धूप में वाहन चालक ग्रीन और रेड सिग्नल को आसानी से देख सकें. चौराहों पर लगे सीसीटीवी कैमरे जहां खराब हो चुके थे, उन्हें अब मेंटेनेंस कर फिर से चालू किया गया है, जिससे यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई की जा सके.

### इनका कहना है

त्योहारों के दौरान ट्रैफिक पुलिस बल कानून व्यवस्था और यातायात को सुचारू रखने में व्यस्त था. महत्वपूर्ण त्योहारों के शांतिपूर्ण संपन्न होने के बाद, पुलिस का पूरा ध्यान शहर की ट्रैफिक व्यवस्था को दुरुस्त करने पर है. सड़कों पर जाम की समस्या पैदा करने वाले ऑटो और ई-रिक्शा चालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी. चालकों को केवल उनके लिए तय किए गए स्टैंड या निर्धारित स्थानों पर ही वाहन खड़ा करने के लिए बाध्य किया जाएगा.



**बसंत कौल,** अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त यातायात

# सिलेंडर के लिए बुकिंग ज्यादा, लगी लाइन

## 400 की वितरण क्षमता, बुकिंग 1000

**नवभारत संवाददता**

**भोपाल, 28 मार्च, राजधानी में रसोई गैस सिलेंडर की किल्लत बढ़ती जा रही है. वहीं प्रशासन कमी होने से इंकार कर रहा है. शनिवार को टीटी नगर दशहरा मैदान, पुट्ठा मील, पांच नंबर मार्केट, कोलार, भेल बरखेड़ा, गांधी नगर, लालघाटी सहित अन्य गैस एजेंसियों व उनके गोदामों पर सिलेंडर लेने के लिए बड़ी संख्या में लोग खाली सिलेंडर लाइन में खड़े रहे. इसका प्रमुख कारण है ईरान और इजरायल के युद्ध की वजह से गैस का जहाज न आने की अफवाह.**

इस युद्ध ने भारत ही नहीं अन्य देशों में भी रसोई गैस की समस्या पैदा कर दी है. उसका परिणाम भोपाल में भी देखने को मिल रहा है. इन अफवाहों के चलते उपभोक्ता जल्द से जल्द सिलेंडर प्राप्त करना चाहते हैं जिससे लोगों ने बुकिंग अधिक कर दी हैं. शहर में 38 गैस एजेंसी



हैं. जहां एक एजेंसी पर आम दिनों में प्रतिदिन 300से 400 बुकिंग होती थी. लेकिन अब यही बढ़कर एक हजार के लगभग हो गई हैं. जब उपभोक्ता के घर पर सिलेंडर पहुंच सेवा भी प्रभावित हो रही है. वहीं अब लोग सिलेंडर के लिए इंतजार नहीं कर रहे हैं. बुकिंग होने के बाद ही एजेंसी और गोदामों पर पहुंच रहे हैं. जिस वजह से यह कमी दिखाई दे रही है.

### पेट्रोल पंप पर प्रशासन की निगरानी

राजधानी में प्रशासन के आदेश अफवाह फैलाने वालों पर होगी कार्रवाई का असर शनिवार को शहर के पेट्रोल पंपों पर देखने को मिला. शहर के पेट्रोल पंपों पर गाड़ियों में पेट्रोल व डीजल भरवाने के लिए मारामारी नहीं दिखी. सामान्य दिनों की तरह लोगों ने पेट्रोल व डीजल लिया. न्यू मार्केट, पांच नंबर, एमपी नगर जोन-2, कोलार बीमाकुंज, चूनाभट्टी, बैरागढ़ चीचली, लालघाटी, बैरागढ़, गांधी नगर, करोंद, जहांगीराबाद सहित अन्य पेट्रोल पंपों पर लोगों की भीड़ नहीं दिखी. प्रशासन की टीम पेट्रोल पंपों की जांच करती रही. जिला खाद्य नियंत्रक चंद्रभान सिंह जादौन ने बताया कि अफवाहों पर ध्यान न दें. शहर में न रसोई गैस की किल्लत है और न पेट्रोल व डीजल की. रसोई गैस सिलेंडरों की बुकिंग अधिक हो रही है, इसलिए बुकिंग पेंडिंग होती जा रही हैं. जादौन ने कहा कि अनावश्यक गैस सिलेंडरों का भंडारण न करें. जितनी जरूरत है, उसी हिसाब से बुकिंग करें.

# सोशल मीडिया दोस्त ने किया महिला से दुष्कर्म

**नवभारत रिपोर्टर**

**भोपाल, 28 मार्च. मंगलवारा थाना इलाके में एक 29 वर्षीय महिला ने सोशल मीडिया पर बने युवक दोस्त पर दुष्कर्म का केस दर्ज कराया है. महिला थाना टीला जमालपुर की रहवासी है.**

शुक्रवार को देर रात महिला जब पति के साथ अस्पताल में भर्ती एक रिश्तेदार से मिलकर लौट रही थी. इस दौरान उसके सोशल मीडिया पर बने दोस्त और आरोपी हारिस खान का फोन आया. हारिस ने महिला से मिलने की जिद की और महिला ने पति को एक स्थान पर रुकने के लिए बोला. पति को लगा वह जल्द ही आ जाएगी लेकिन महिला का बहुत देर तक अता-पता नहीं चला. रात करीब ढाई बजे जब महिला घर पहुंची तो उसने परिवार को बताया कि हारिस ने उसे ले जाकर दुष्कर्म किया. परिजन महिला को लेकर मंगलवारा थाने पहुंचे. महिला ने पुलिस को बताया कि हारिस ने उसके पति और ससुराल के अन्य सदस्यों को मारने की धमकी दी थी. इस दबाव के चलते वह उससे मिलने पहुंची थी. तभी आरोपी उसे ले गया और दुष्कर्म किया.

# डकैती की योजना बना रहे बदमाश गिरफ्तार

**भोपाल.** शाहजहानाबाद थाना पुलिस ने डकैती की योजना बना रहे एक महिला और नाबालिग सहित 5 बदमाशों को गिरफ्तार किया है. अवैध हथियारों के साथ यह बदमाश रामनगर पर डकैती डालने बना योजना रहे थे. आरोपियों ने पुलिस की पूछताछ में अपना नाम एजाज खान ऊर्फ लंगड़ा (25), एजाज की पत्नी आसिया खान (25), अरबाज खान (21), आशन अली (20) बताया. आरोपियों के साथ इस अपराध में एक नाबालिग भी शामिल रहा. उनके 5 चाकू -छुरी एवं तलवार, लोहे की रॉड, प्लास्टिक की टार्च, प्लास्टिक की बोरी जब्त की गई.आरोपियों ने डकैती की योजना बनाना बताया.

# 810 रजिस्ट्री, 10 करोड़ का मिला राजस्व

- नवरात्र के दौरान 6306 रजिस्ट्रियां हुईं
- पंजीयन विभाग को 148 करोड़ का राजस्व मिला

**भोपाल, 28 मार्च. अब जिले में अब वित्तीय वर्ष की समाप्त होने वाला है जिसमें अब तीन दिन बचे हैं. तीन दिनों में रजिस्ट्रियों की संख्या में वृद्धि होना तय है उसका कारण है कि एक अप्रैल से 740 स्थानों पर प्रॉपर्टी 5 से 181 प्रतिशत तक महंगी हो जाएगी. इससे पहले लोग वर्तमान दरों पर जमकर रजिस्ट्रियां करवा रहे हैं.**

इसका असर नवरात्र में देखने को मिला है, इस दौरान करीब 6306 रजिस्ट्रियों के साथ पंजीयन विभाग को 148 करोड़ रुपये का राजस्व मिला है. वर्तमान दरों पर रजिस्ट्री करवाने के लिए लोगों के पास चार दिन का समय बचा हुआ है, वहीं विभाग ने भी स्लाट की संख्या बढ़ाते हुए एक हजार 400 कर दी हैं. आखिरी दो दिन अष्टमी पर 957 व रामनवमी पर 950 रिकार्ड रजिस्ट्रियां हुईं, जिनसे करीब 50 करोड़ रुपये का राजस्व विभाग को मिला है. शनिवार को 810 रजिस्ट्रीयां की गईं जिनसे लगभग 10 करोड़ का राजस्व प्राप्त हुआ. अंतिम दिन दिन 3 हजार और रजिस्ट्रियां हो सकती हैं. लोगों की सुविधा को देखते हुए पंजीयन कार्यालयों में स्लॉट बढ़ाए गए हैं.



### इनका कहना है

रविवार, सोमवार, मंगलवार को भी बड़ी संख्या में रजिस्ट्री होंगी. इसके लिए लोगों को स्लॉट दिए जा रहे हैं. इन तीन दिनों अधिक संख्या में रजिस्ट्रियां होने की उम्मीद है.

**स्वप्नेश शर्मा,** वरिष्ठ जिला पंजीयक



# देशी शराब तस्कर को किया गिरफ्तार

**नवभारत रिपोर्टर**

**भोपाल, 28 मार्च. हनुमानगंज थाना पुलिस ने अवैध देशी शराब की तस्करी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है. पुलिस ने आरोपी के पास से मौके पर 63 लीटर शराब और एक स्कूटी जब्त किया है.**

पुलिस के मुताबिक सूचना मिली थी कि समांतर रोड पर एक व्यक्ति जो अवैध शराब लेकर बेचने के लिए जा रहा है. मौके पर पहुंचकर आरोपी को घेराबंदी कर पकड़ा गया. पुलिस की पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम आकाश प्रजापति (23) निवासी थाना स्टेशन बजरिया का बताया. आरोपी के कब्जे से 63 लीटर देशी मदिरा, जिसकी कीमत करीबन 28,000 रुपये एवं घटना मे प्रयुक्त स्कूटी को जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया.


